राजा मानसिंह तोमर
संगीत एवं कला विश्वविद्यालय
ग्वालियर, मध्यप्रदेश

Music and Arts University
Gwalior, Madhya Pradesh

क्रमांक ८५१ / परीक्षा / रा.मा.तो.वि.वि. / 2026 ग्वालियर, दिनांक 15 / 09 / 2026

प्रति,

समस्त प्राचार्य,
सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालय,
मध्यप्रदेश

समस्त विभागाध्यक्ष,
अध्ययनशाला, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय
ग्वालियर

**विषयः—** **पूरक परीक्षा सत्र जुलाई 2026 के पुनः आयोजन बावत्।**

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय द्वारा नॉन—एन.ई.पी. की पूरक परीक्षा का आयोजन दिनांक 05.09.2026 से 09.09.2026 तक किया गया था एवं एन.ई.पी. की पूरक परीक्षा का आयोजन दिनांक 15.09.2026 से 19.09.2026 तक किया जा रहा है। नॉन—एन.ई.पी. पूरक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवदेन करने की तिथि 21.07.2026 से दिनांक 04.09.2026 तक थी एवं एन.ई.पी. पूरक परीक्षा की अंतिम तिथि दिनांक 10.09.2026 तक थी किन्तु कुछ विद्यार्थी अपरिहार्य कारणों से आवेदन करने से वंचित रह गये थे जिससे उक्त विद्यार्थी उपरोक्त परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाये हैं। अतः विद्यार्थियों के भविष्य को दृष्टिगत रखते हुये उनको अंतिम अवसर प्रदान करते हुये विश्वविद्यालय द्वारा उनको पुनः आवेदन करने हेतु ऑनलाइन लिंक दिनांक 16.09.2026 से दिनांक 18.09.2026 तक एक्टिव रहेगी। जिससे उपरोक्त विद्यार्थीगण अपना आवेदन कर सकेगें और दिनांक 22.09.2026 से 23.09.2026 को परीक्षा आयोजित की जावेगी। परीक्षा दो पालियों में प्रातः 09 से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर में 02 से सायं 05 बजे आयोजित की जावेगी जिसका **परीक्षा केन्द्र राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर में ही रहेगा।** उपरोक्त विद्यार्थियों को परीक्षा आवेदन शुल्क के साथ रूपये 1000 / — प्रति प्रश्न—पत्र विशेष अनुमति शुल्क (प्रश्न—पत्र एवं उत्तरपुस्तिका प्रिंट हेतु अधिभार व्यय) प्रदान करना होगा, जिससे उनकी परीक्षा का आयोजन सुगमता से हो सके।

नोटः— 1. समस्त विभागाध्यक्ष / शिक्षकों / प्राचार्यो से आशा की जाती है कि उक्त सूचना अपने ई—मेल से डाउनलोड कर विद्यार्थियों के ऑफिसियल व्हाटसएप ग्रुप में आवश्यक रूप से विद्यार्थियों को सूचना प्रदान करें।
2. समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि ये सुनिश्चित कर लें की उक्त सुविधा इस सत्र में ही दी जा रही है भविष्य में उक्त सुविधा प्रदान नहीं की जावेगी, परीक्षा हेतु अपने संबंधित विभाग में संपर्क करें एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें अन्यथा इसकी समस्त जिम्मेदारी आपकी स्वयं की होगी।

धन्यवाद,

भवदीय,

**(डॉ.संजय सिंह)**
**परीक्षा प्रभारी**
**राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला**
**विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)**

**प्रतिलिपिः—**

1. **माननीय कुलगुरू महोदया, राजा मानसिंह तोमर संगीत कला विश्वविद्यालय ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।**
2. **कुलसचिव महोदय, राजा मानसिंह तोमर संगीत कला विश्वविद्यालय ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।**
3. **फाइल।**

**परीक्षा प्रभारी**

**स्वरांग परिसर, नीडम रोड़, नाका चन्द्रवदनी चौराहा ग्वालियर (म.प्र.)—0751—4000889**
**E-mail registrar.music2009@gmail.com**
**exam.rmtmusic@gmail.com**